JAGRAN CITY PAGE III

लवि के विशाल गुप्ता बने पीसीएस अफसर

माता-पिता के साथ विशाल गुप्ता ● जागरण

जासं, लखनऊ : उप्र लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा-2021 में लवि के छात्र विशाल गुप्ता पीसीएस अफसर बनने में सफल हुए हैं। विशाल का चयन डिप्टी रजिस्ट्रार पद पर हुआ है। विशाल मूलरूप से बहराइच के तहसील महसी, थाना बूंदी के ग्राम हेमनापुर के रहने वाले हैं। लखनऊ के जानकीपुरम स्थित अल्कापुरी में घर है। विशाल के पिता डा. मनोज कुमार गुप्ता नेत्र रोग सर्जन हैं। मां पूनम गुप्ता गृहिणी हैं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश दिवाली बाद

पांच दिन के अवकाश के बाद लविवि में 23 से अधिक कोर्स में पूरी होगी प्रक्रिया

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि में स्नातक-परास्नातक कोर्सों में प्रवेश की प्रक्रिया आखिरी चरण में है। विवि प्रशासन डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्सों की प्रवेश प्रक्रिया दीपावली के बाद शुरू करने की तैयारी में है। जल्द ही विस्तृत कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि विवि में लगभग दो दर्जन डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स चल रहे हैं जिनके लिए आवेदन लिए जा चुके हैं। जिन कोर्सों में सीटों से अधिक आवेदन हैं, उनकी च्वॉइस फिलिंग करवाई जाएगी। दीपावली बाद इनकी प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। रजिस्ट्रार संजय मेधावी ने बताया कि लविवि व सहयुक्त कॉलेजों में दीपावली पर 24 से 27 तक अवकाश घोषित किया गया है।

पीजी कोर्सों के लिए डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन शुरू

लखनऊ। लविवि में परास्नातक कोर्सों के प्रवेश के पहले चरण की औपचारिकता पूरी करने वाले विद्यार्थियों का डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन शुक्रवार से शुरू हुआ। प्राचीन इतिहास, अंग्रेजी, गणित, रसायन विज्ञान आदि विभागों में सुबह 10 बजे से एमए-एमएससी पहले सेमेस्टर के छात्रों वेरीफिकेशन हुआ। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि शनिवार को भी वेरीफिकेशन होगा। दूसरे चरण में हो रहे प्रवेश के क्रम में आगे वेरीफिकेशन कराया जा सकेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

बीलिब, एमएससी केमिस्ट्री का सेकंड कटऑफ जारी : लविवि के परास्नातक कोर्सों की प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में बीलिब, एमएससी केमिस्ट्री, एमए-एमएससी फोरेंसिक साइंस की सेकंड कटऑफ जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी लॉगिन-आईडी से सीट अलॉटमेंट देख लें। जिन विद्यार्थियों को सीट आवंटित हो गई है, वे 25 अक्तूबर तक फीस जमा कर दें। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : इंटर्नशिप के साथ स्टाइपेंड मिलेगा आठ हजार

लखनऊ। लविवि के एमबीए, बीबीए व बीकॉम के विद्यार्थियों को 30 से 45 दिन की इंटर्नशिप के साथ आठ हजार रुपये स्टाइपेंड भी मिलेगा। विवि के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से एक्योर इंटेलीजेंस मैनुअल्स इंडिया प्रा. लि. के साथ मिलकर यह अवसर दिया जा रहा है। विवि प्रशासन के अनुसार, विद्यार्थी 31 अक्तूबर शाम पांच बजे तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। पहले चरण में 25 वैकेंसी हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

बीए-बीएससी छात्रों का हॉस्टल आवंटन जारी

लखनऊ। लविवि ने बीए-बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का उनके आवेदन के आधार पर हॉस्टल अलॉटमेंट जारी कर दिया है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि यह सूची 17 अक्तूबर तक हुए आवेदन के आधार पर है। छात्रों को एक सप्ताह में शुल्क जमा करना होगा। सीटें खाली रहने पर अगली सूची जारी होगी।

बीए और बीएससी के लिए हास्टल आवंटन

LUCKNOW (21 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीए, बीएससी मैथ्स और बीएससी बायोलाजी प्रथम सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को हास्टल आवंटित कर दिया. विश्वविद्यालय ने मेरिट के आधार पर हास्टल के लिए चयनित विद्यार्थियों की सूची वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दी है. चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह ने इस संबंध में चयनित विद्यार्थियों की मेल पर विस्तृत निर्देश भेज दिए हैं.एलयू ने बीए और बीएससी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों से हास्टल आवंटन के लिए 11 से 17 अक्टूबर तक आवेदन मांगे थे. चीफ प्रोवोस्ट अनूप कुमार सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को हास्टल आवंटित किया गया है, उन्हें एक सप्ताह के अंदर आनलाइन फीस जमा करनी होगी. इसके बाद संबंधित हास्टल के प्रोवोस्ट छात्र को रूम आवंटित करेंगे. जारी हास्टल आवंटन सूची में बीएससी मैथ्स में 75, बीएससी बायो में 32 और बीए में 90 विद्यार्थियों को हास्टल आवंटित किया गया है.

छूटे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आज

लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2021-22 के अंतर्गत भौतिक विज्ञान विषय में पीएचडी के लिए छूटे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार शनिवार को होगा. सूची में शामिल ऐसे सभी अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे संबंधित विभाग में पहुंचना होगा. यह साक्षात्कार पीएचडी फुलटाइम और पार्टटाइम दोनों अभ्यर्थियों के लिए होगा.

i-NEXT PAGE 4

ऑनलाइन करें इंटर्नशिप, पाएं 8 हजार प्रति माह

i GOOD NEWS

एलयू की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने प्राइवेट कंपनी के लिए मांगे 31 तक आवेदन

LUCKNOW (21 OCT): एलयू से एमबीए, बीबीए, बीकाम एंड पीजीडीएम डिग्री उत्तीर्ण या अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए अच्छी खबर है. अब वह इंटर्नशिप करने के साथ-साथ आठ हजार रुपये भी पा सकेंगे. इसके लिए विश्वविद्यालय की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने एक्रूअल इंटेलिजेंस मैनुअल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में इंटर्नशिप के लिए 31 अक्टूबर को शाम पांच बजे तक गूगल फार्म docs.google.com/forms/d/e/vFAv के माध्यम से आवेदन मांगे हैं.

मिलेंगे पांच हजार रुपये

सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने हाल ही में एक अन्य कंपनी में इंटर्नशिप के लिए विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों का चयन किया है. प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि इसमें इंटर्नशिप कंपनी में जाकर करनी होगी. प्रतिमाह छात्र-छात्रा को पांच हजार रुपये भी मिलेंगे. दीपावली के बाद यह इंटर्नशिप शुरू हो जाएगी.

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक व परास्नातक तीसरे सेमेस्टर में इंटर्नशिप अनिवार्य की गई है. ऐसे में लखनऊ विश्वविद्यालय की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने कंपनी के सहयोग से विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के साथ-साथ प्रतिमाह आठ हजार रुपये देने का अवसर प्रदान किया है. सेंल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि यह इंटर्नशिप आनलाइन होगी. इसमें एमबीए, बीबीए, बीकाम एंड पीजीडीएम डिग्री उत्तीर्ण या अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं. प्लेसमेंट सेल व कंपनी मिलकर साक्षात्कार और अनुभव के आधार पर छात्र-छात्राओं का चयन करेगी.

लाइव प्रोजेक्ट में काम

प्रो. लाल ने बताया कि कंपनी आनलाइन इंटर्नशिप में लाइव प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर देगी. इस प्रोजेक्ट की अवधि 30 से 45 दिन की है. इसमें विद्यार्थियों को मार्केटिंग एचआर, मार्केटिंग फाइनेंस, कोर मार्केटिंग के बारे में सीखने को मिलेगा. कंपनी इंटर्नशिप पूरी होने पर सर्टिफिकेट भी देगी. आठ हजार रुपये प्रतिमाह का स्टाइपेंड छात्र-छात्रा की परफार्मेंस आधारित होगा. 31 अक्टूबर के बाद इंटर्नशिप के लिए चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी की जाएगी.

PIONEER PAGE 3

24 से 27 अक्टूबर तक बंद रहेगा लखनऊ विश्वविद्यालय

लखनऊ। प्रकाश पर्व दीपावली को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय आगामी 24 अक्टूबर से लेकर 27 अक्टूबर तक बंद रहेगा। इस बारत विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देश पर विवि के कुलसचिव संजय मेधावी ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिये हैं। एक अन्य खबर के अनुसार विवि की परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत एमएससी केमिस्ट्री, बीलिब आईएससी, एमए/एमएससी फोरेंसिक साइंस के अंतर्गत उपलब्ध सीटों के सापेक्ष सेकेंड एलॉटमेंट जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपने लॉगिन आईडी के जरिए 25 अक्टूबर तक शुल्क जमा कर सकते हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 4

पीजी कोर्स के लिए छात्रों के दस्तावेजों का सत्यापन शुरू

लखनऊ। लविवि के सत्र 2022-23 की परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में शुक्रवार से पीजी कोर्स में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया था। जिन विद्यार्थियों की चॉइस फिलिंग, सीट अलॉटमेंट और फीस जमा करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, वे प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर के साथ संबंधित विभाग में दस्तावेज सत्यापन के लिए आए।

आनलाइन इंटर्नशिप के साथ मिलेंगे आठ हजार रुपये महीने

विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर, लखनऊ विश्वविद्यालय की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने प्राइवेट कंपनी के लिए मांगे 31 तक आवेदन

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से एमबीए, बीबीए, बीकाम एंड पीजीडीएम डिग्री उत्तीर्ण या अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। अब वह इंटर्नशिप करने के साथ-साथ आठ हजार रुपये भी पा सकेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने एक्रूअल इंटेलिजेंस मैनुअल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में इंटर्नशिप के लिए 31 अक्टूबर को शाम पांच बजे तक गूगल फार्म docs.google.com/forms/d/e/1FAI के माध्यम से आवेदन मांगे हैं।

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक व परास्नातक तीसरे सेमेस्टर में इंटर्नशिप अनिवार्य की गई है। ऐसे में लखनऊ विश्वविद्यालय की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने कंपनी के सहयोग से विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के साथ-साथ प्रतिमाह आठ हजार रुपये देने का अवसर प्रदान किया है। सेंल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि यह इंटर्नशिप आनलाइन होगी। इसमें एमबीए, बीबीए, बीकाम एंड पीजीडीएम डिग्री उत्तीर्ण या अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। प्लेसमेंट सेल व कंपनी मिलकर साक्षात्कार और अनुभव के आधार पर छात्र-छात्राओं का चयन करेगी।

लाइव प्रोजेक्ट में काम करने का मिलेगा अवसर : प्रो. लाल ने बताया कि कंपनी आनलाइन इंटर्नशिप में लाइव प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर देगी। इस प्रोजेक्ट की अवधि 30 से 45 दिन की है। इसमें विद्यार्थियों को मार्केटिंग एचआर, मार्केटिंग फाइनेंस, कोर मार्केटिंग के बारे में सीखने को मिलेगा। कंपनी इंटर्नशिप पूरी होने पर सर्टिफिकेट भी देगी। आठ हजार रुपये प्रतिमाह का स्टाइपेंड छात्र-छात्रा की परफार्मेंस आधारित होगा। 31 अक्टूबर के बाद इंटर्नशिप के लिए चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी की जाएगी।

यहां हो गया चयन, मिलेंगे पांच हजार रुपये : सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने हाल ही में एक अन्य कंपनी में इंटर्नशिप के लिए विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों का चयन किया है। प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि इसमें इंटर्नशिप कंपनी में जाकर करनी होगी। प्रतिमाह छात्र-छात्रा को पांच हजार रुपये भी मिलेंगे। दीपावली के बाद यह इंटर्नशिप शुरू हो जाएगी।

बीए, बीएससी के विद्यार्थियों के लिए हास्टल आवंटन जारी

- लखनऊ विश्वविद्यालय के चीफ प्रोवोस्ट ने जारी की सूची
- सात दिन में जमा करनी होगी आनलाइन हास्टल फीस

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2022-23 में बीए, बीएससी मैथ्स और बीएससी बायोलाजी प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को हास्टल आवंटित कर दिया। विश्वविद्यालय ने मेरिट के आधार पर हास्टल के लिए चयनित विद्यार्थियों की सूची वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दी है। चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह ने इस संबंध में चयनित विद्यार्थियों की मेल पर विस्तृत निर्देश भेज दिए हैं।



लवि ने बीए और बीएससी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों से हास्टल आवंटन के लिए 11 से 17 अक्टूबर तक आवेदन मांगे थे। चीफ प्रोवोस्ट अनूप कुमार सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को हास्टल आवंटित किया गया है, उन्हें एक सप्ताह के अंदर आनलाइन फीस जमा करनी होगी। इसके बाद संबंधित हास्टल के प्रोवोस्ट छात्र को रूम आवंटित करेंगे। जारी हास्टल आवंटन सूची में बीएससी मैथ्स में 75, बीएससी बायो में 32 और बीए में 90 विद्यार्थियों को हास्टल आवंटित किया गया है। उन्होंने बताया कि हास्टल आवंटन के निर्देश वेबसाइट पर अपलोड हैं। अब जल्द ही बीएड प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को भी हास्टल आवंटित कर दिया जाएगा। इसके लिए 25 अक्टूबर तक हास्टल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से पंजीकरण का समय दिया गया है।

फिजिक्स में छूटे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आज

लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2021-22 के अंतर्गत भौतिक विज्ञान विषय में पीएचडी के लिए छूटे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार शनिवार को होगा। सूची में शामिल ऐसे सभी अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे संबंधित विभाग में पहुंचना होगा। यह साक्षात्कार पीएचडी फुलटाइम और पार्टटाइम दोनों अभ्यर्थियों के लिए होगा।

प्रवेश लेने से पहले विद्यार्थी कर सकते हैं कालेजों की 'केवाईसी'

जासं, लखनऊ : डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से जुड़े प्रदेश के कालेजों में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राएं भी कालेजों की केवाइसी (नो योर कालेज) कर सकते हैं। एकेटीयू ने यह सुविधा छात्रों को दी है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर यह केवाईसी लिंक को क्लिक कर उस कालेज के विषय में जान सकते हैं, जहां वे प्रवेश ले रहे हैं या प्रवेश लेना चाहते हैं।

एकेटीयू का प्रयास है कि छात्र-छात्राएं अच्छे संस्थानों में प्रवेश ले, जहां उन्हें बेहतर पढ़ाई के साथ प्लेसमेंट की सुविधा भी मिल सके। केवाईसी जानने के लिए अभ्यर्थियों को लोकेशन, कालेज के प्रकार, कोर्स और ब्रांच डालकर सर्च करना होगा। इसके बाद सारी जानकारी स्क्रीन पर आ जाएगी। छात्र-छात्राएं बगैर कालेज गए भी उसका सत्यापन कर सकेंगे।

स्टूडेंट्स संडान को देनी हिदायतें : एकेटीयू के कुलपति प्रो. पीके मिश्र का कहना है कि छात्रों की सुविधा के लिए अलग से स्टूडेंट सेक्शन बनाया गया है, जहां सर्टिफिकेट और मार्कशीट, ट्रैक पीपट, छात्र कल्याण, ग्रिवांस, स्टूडेंट एप आदि की सुविधा दी हुई है। आगे चलकर इसमें छात्रों के लिए अन्य कई नए फीचर भी जोड़े जाएंगे।

इंडस्ट्रीज टूर के लिए उतरेंगी एकेटीयू की बसें : एकेटीयू और उससे जुड़े कालेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को कक्षाओं में पढ़ाने के साथ इंडस्ट्रीज की भी अधिक से अधिक जानकारी दी जाएगी। अभी छात्र कुछ समय के लिए इंडस्ट्रीज ट्रेनिंग पर जा रहे हैं। एकेटीयू इसे और बढ़ाने जा रहा है। सभी छात्रों के लिए इसे अनिवार्य भी किया जा रहा है। इसके लिए एकेटीयू एक अलग से बस भी खरीदेगा। जो छात्रों को इंडस्ट्रीज टूर पर ले जाकर उन्हें उससे रूबरू कराएगा। कुलपति ने बताया कि इंडस्ट्रीज टूर के लिए बस खरीदने की मंशा तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने जताई थी। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। अगर अनुमति मिलती है तो इसे शुरू किया जाएगा।

लवि ने बनाया थ्रीडी ग्लास सिरेमिक फोम

अखिल सक्सेना ● लखनऊ

केजीएमयू ने किया सहयोग, भारत सरकार से प्राप्त किया कापी राइट अब पानी में तैलीय अशुद्धियों को अवशोषित करना होगा आसान

अब कम लागत में सेंसर बनाने से लेकर वातावरण में मौजूद कार्बन डाई आक्साइड शीघ्रता से सेंस करने, पानी में फैली तैलीय अशुद्धियों को अवशोषित करने आदि के काम आसानी से हो सकेंगे। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के भौतिक विज्ञान विभाग ने किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के सहयोग से थ्री-डी ग्लास सिरेमिक फोम तैयार किया है। विश्वविद्यालय ने इस फोम का कापी राइट भी भारत सरकार से हासिल कर लिया है। यह फोम मल्टी फंग्शनल एप्लीकेशन के रूप में काम करेगा।

लवि के भौतिक विज्ञान विभाग में स्थापित एडवांस्ड ग्लास एंड सेरेमिक्स रिसर्च लेबोरेटरी के एसोसिएट प्रोफेसर डा. सीआर गौतम अपनी शोध टीम के साथ एक साल से 3-डी फोम बनाने पर कार्य कर रहे हैं। वह बताते हैं कि इस सिरेमिक फोम के निर्माण में विभाग के शोधार्थी श्वेता, सर्वेश अविनाशी, रजत कुमार, सविता कुमारी व केजीएमयू के प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग के प्रो. जितेंद्र राव, शोधार्थी डा. स्वाती चौधरी के समूह ने मिलकर कार्य किया। यह सिरेमिक फोम चार अकार्बनिक पदार्थ सिलिका, कैल्शियम आक्साइड, टाईसोडियम आइक्साइड और फास्फोरस पेंटा आक्साइड को मिलाकर बनाया गया है। इसे बनाने में कांच को बनाने वाली मेल्ट एंड क्वेंच का प्रयोग किया गया। हालांकि थोड़े से बदलाव करने पर अधिक छिद्रयुक्त फोम प्राप्त हुआ।

डी ग्लास सिरेमिक फोम तैयार करने वाले शोधार्थी श्वेता, डा. सीआर गौतम, रजत कुमार मिश्रा व सर्वेश कुमार अविनाशी ● सौजन्य स्वयं

थ्रीडी ग्लास सिरेमिक फोम ● सौजन्य डा. सीआर गौतम

ये होंगे फायदे : डा. गौतम ने बताया कि इस 3-डी ग्लास सिरेमिक फोम के कई फायदे होंगे। यह पानी में फैली तैलीय अशुद्धियों को अवशोषित करने में समक्ष होगा। अधिक छिद्रयुक्त होने की वजह से वातावरण में फोम मौजूद सीओटू गैस को भी जल्दी से सेंस कर सकता है। यही नहीं, सेंसर बनाने में भी यह सफल है। उन्होंने बताया कि इस 3-डी फोम को डेंटल फिलिंग मैटीरियल की तरह उपयोग में लाए जाने पर केजीएमयू के प्रो. जितेंद्र राव व उनकी टीम कार्य कर रही है। आने वाले समय में दांत में कैविटी की समस्या को दूर करने के लिए मेटल का पाउडर बनाकर भी उपयोग में लाया जा सकेगा।

पीजी के तीन विषयों का सीट आवंटन जारी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक कोर्सों में तीन विषयों की दूसरी कटआफ एवं सीट आवंटन शुक्रवार को जारी कर दिया। इनमें एमएससी केमिस्ट्री, बैचलर आफ लाइब्रेरी साइंस (बीलिबआइएससी) और एमए-एमएससी फारेंसिक साइंस विषय शामिल है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थी अपने लागिन आइडी का प्रयोग करके सीट आवंटन देख लें। जिन्हें सीट आवंटित हो गई है, उन अभ्यर्थियों के पास 25 अक्टूबर तक फीस जमा करने का मौका रहेगा।

फीस जमा करने का आखिरी मौका : प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि एमए जाग्रफी, एमए हिन्दी, एमए एमआइएच, एमए पालिटिकल साइंस, एमए एप्लाइड जियोलाजी, एमएससी बायोटेकनोलाजी, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी जियोलाजी, एमएससी फूड प्रासेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी, एमकाम एप्लाइड इकोनामिक्स, मास्टर पब्लिक हेल्थ, मास्टर पब्लिक हेल्थ और मास्टर हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन में जिन्हें सीट मिल गई है, वह शनिवार को भी फीस जमा कर सकते हैं।

पीजी में अभिलेख सत्यापन शुरू, आज भी मौका

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई। एमएससी फिजिक्स, केमिस्ट्री, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमए अंग्रेजी, एमए-एमएससी गणित सहित विभिन्न विभागों में सुबह 10 बजे से छात्र-छात्राएं प्रोविजनल आवंटन पत्र के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र एवं स्वत : हस्ताक्षरित प्रति के साथ पहुंचे गए। विभागों में मौजूद टीम ने उसे सत्यापित कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी की। सत्यापन के लिए शनिवार को भी छात्र-छात्राओं को मौका दिया गया है। केमिस्ट्री विभाग के हेड प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने बताया कि पीजी प्रथम सेमेस्टर केमिस्ट्री में कक्षाएं शुरू करने का शेड्यूल शनिवार को जारी किया जाएगा।

लवि के कामर्स विभाग की ओर से आगामी 10 से 16 नवंबर तक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित करेगा। इसमें शामिल होने के लिए पांच नवंबर तक आनलाइन पंजीकरण कराना होगा। विभाग के हेड प्रो. अवधेश ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 5

स्पेशल स्क्रूटनी का परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्पेशल स्क्रूटनी का परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया है। जून 2022 परीक्षा के तहत बीएएमएस, बीएड, बीए का स्क्रूटनी का परिणाम जारी किया। जिसमें किसी भी छात्रा के अंक में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसके अलावा दिसम्बर की परीक्षा की स्क्रूटनी में सिर्फ तीन परीक्षार्थियों के अंक बढ़े हैं। बीएमएस प्रथम वर्ष एक परीक्षार्थी के 39 से 50, बीएएमएस तृतीय वर्ष के परीक्षार्थी के 41 से 42 और 34 से 35 अंक हुए हैं।